नागपुर-छिंदवाड़ा मार्ग पर तेज रफ्तार बनी काल, 24 वर्षीय सुजीत बन की मौत से परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

बीमार बच्चे की दवा लेकर लौट रहे पिता को कंटेनर ने रौंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर





अपने बीमार मासूम बच्चे के जल्द स्वस्थ होने की उम्मीद लेकर अस्पताल पहुंचे एक पिता को क्या पता था कि दवा लेकर लौटते समय रास्ते में मौत उसका इंतजार कर रही है। बच्चे के उपचार के लिए जरूरी दवाइयां लेकर घर लौट रहे 24 वर्षीय युवक सुजीत बन की नागपुर-छिंदवाड़ा मार्ग पर कंटेनर की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई। शुक्रवार शाम हुए इस भीषण सड़क हादसे ने एक हंसते-खेलते परिवार को पलभर में गहरे सदमे में डाल दिया। जिस पिता की आंखों में अपने बच्चे को स्वस्थ देखने का सपना था, वह खुद दुनिया से चला गया। हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। अस्पताल में उपचार करा रहे मासूम बच्चे और मां की जिंदगी पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

बीमार बच्चे के लिए दवा लेने गया था पिता

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिछुआ क्षेत्र के ग्राम पालातरा निवासी सुजीत बन, उम्र 24 वर्ष, अपने बीमार बच्चे मोनू को उपचार के लिए पत्नी अस्मिता के साथ सौंसर के बोकडे हॉस्पिटल में भर्ती कराए हुए थे। बच्चे की तबीयत को लेकर परिवार पहले से ही चिंतित था। उसके उपचार में किसी तरह की कमी न रह जाए, इसी कोशिश में सुजीत अस्पताल से जरूरी दवाइयां लेने और फिर वापस लौटने के लिए निकले थे।

शुक्रवार शाम को वह मोटरसाइकिल से दवाइयां लेकर लौट रहे थे। परिवार को उम्मीद थी कि दवाइयां मिलने के बाद बच्चे का उपचार आगे बढ़ेगा और उसकी तबीयत में सुधार होगा। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। रास्ते में नागपुर की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार कंटेनर ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सुजीत को संभलने तक का मौका नहीं मिला और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

टक्कर इतनी भीषण कि दहल उठे लोग

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे की भयावहता इतनी अधिक थी कि घटनास्थल का दृश्य देखकर लोगों की रूह कांप उठी। अचानक हुए इस हादसे के बाद मार्ग पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोग घटनास्थल की ओर दौड़े, लेकिन युवक की जान नहीं बचाई जा सकी। दुर्घटना की गंभीरता को देखते हुए मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।एक ओर सड़क पर हुए इस भीषण हादसे से लोग स्तब्ध थे, वहीं दूसरी ओर एक परिवार की दुनिया उजड़ चुकी थी। जिस युवक के कंधों पर छोटे बच्चे की जिम्मेदारी थी, वही अब परिवार के बीच नहीं रहा। अस्पताल में भर्ती बच्चे को शायद इस बात का एहसास भी नहीं होगा कि उसकी दवाइयां लेकर लौटने वाला पिता अब कभी उसके पास वापस नहीं आएगा।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही सौंसर थाना प्रभारी रूपलाल उइके पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।सड़क दुर्घटना में युवक की मौत की खबर सामने आने के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों के बीच घटना को लेकर चर्चा रही। हादसे ने एक बार फिर तेज रफ्तार भारी वाहनों से सड़क पर पैदा होने वाले खतरे को सामने ला दिया है। हालांकि, दुर्घटना के वास्तविक कारणों और वाहन चालक की भूमिका के संबंध में पुलिस की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

मासूम के सिर से उठा पिता का साया

इस हादसे का सबसे दर्दनाक पहलू यह है कि मृतक सुजीत बन का मासूम बच्चा अस्पताल में उपचाराधीन है। जिस समय बच्चे को पिता की देखभाल और स्नेह की सबसे अधिक जरूरत थी, उसी समय परिवार ने अपना सहारा खो दिया। पत्नी अस्मिता पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। एक तरफ बच्चे की बीमारी की चिंता और दूसरी तरफ पति की अचानक मौत का सदमा, परिवार के लिए इस पीड़ा को सहन करना बेहद कठिन हो गया है।परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जिस घर में बच्चे के स्वस्थ होने की उम्मीद के साथ परिवार आगे की जिंदगी के सपने देख रहा था, वहां अब मातम छा गया है। सुजीत की मौत ने परिवार के सामने भावनात्मक संकट के साथ भविष्य की चिंता भी खड़ी कर दी है।

तेज रफ्तार पर लगाम लगाने की जरूरत

नागपुर-छिंदवाड़ा मार्ग पर हुआ यह हादसा सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है। भारी वाहनों की आवाजाही वाले मार्गों पर गति नियंत्रण, यातायात नियमों का पालन और लापरवाही से वाहन चलाने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई बेहद जरूरी है। सड़क पर थोड़ी सी असावधानी भी किसी परिवार की पूरी जिंदगी बदल सकती है।सुजीत बन की मौत केवल एक सड़क दुर्घटना नहीं, बल्कि उस परिवार की अपूरणीय क्षति है, जिसकी उम्मीदें एक छोटे बच्चे के स्वस्थ होने से जुड़ी थीं। अब परिवार के सामने बच्चे के उपचार और भविष्य की जिम्मेदारी है, जबकि पिता हमेशा के लिए दुनिया से विदा हो चुका है।एक पिता अपने बच्चे के लिए दवा लेकर लौट रहा था, लेकिन घर पहुंचने से पहले ही उसकी जिंदगी खत्म हो गई। यह दर्दनाक हादसा हर वाहन चालक को याद दिलाता है कि सड़क पर गति से ज्यादा जरूरी किसी की जिंदगी है।

परिवहन विभाग ने की 16 स्कूल वाहनों की जांच, 5 वाहनों पर की गई 30,500 रुपये की चालानी कार्रवाई

छिन्दवाड़ा। परिवहन आयुक्त एवं कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन के आदेशों के परिपालन में आज शुक्रवार को अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री अनुराग शुक्ला द्वारा हमराह स्टॉफ के साथ शहरी क्षेत्र में



स्कूल वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान छोटे-बड़े स्कूलों में संचालित लगभग 16 स्कूल वाहनों की जांच की गई। इसमें मुख्य रूप से वाहनों के समस्त दस्तावेज, चालक का ड्रायविंग लायसेंस, ओवरलोडिंग एवं अन्य बिंदुओं की जांच की गई। कार्रवाई के दौरान 05 वाहनों पर चालानी कार्रवाई करते हुए 30,500 रुपये का राजस्व प्राप्त किया गया। इस दौरान स्कूल वाहन संचालकों एवं चालकों को समझाइश दी गई कि वे मोटरयान अधिनियम, 1988 के प्रावधानों के तहत ही वाहनों का संचालन करें। साथ ही चेतावनी दी गई कि वाहनों में कमियां पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

मोदी सरकार में आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही महिलाएं : सांसद

उत्कृष्ट कार्य करने वाली दीदियों एवं समूहों को सासंद ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में देश तरक्की की राह पर तेजी से अग्रसर है। खासतौर से महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत होकर आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहीं हैं। यह बात लोकप्रिय सांसद बंटी विवेक साहू ने परासिया में आयोजित एक कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान कही।

परासिया में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विकासखंड परासिया के अंतर्गत प्रगति महिला आजीविका संकुल स्तरीय संगठन भाजीपानी की (सीएलएफ) वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विवेक बंटी साहू सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूह ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

उन्होंने समूहों को और अधिक सशक्त बनाने तथा शासन की विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ समूहों तक पहुंचाने पर जोर दिया। सांसद श्री साहू ने आगामी समय में संकुल से जुड़ी अधिक से अधिक दीदियों को लखपति दीदी की श्रेणी में लाने के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया एवं समूह की महिलाओं के माध्यम से किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों एवं समूहों की गतिविधियों की भी सराहना की तथा महिलाओं को भविष्य में बेहतर एवं स्थायी आजीविका के अवसर विकसित करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया।

उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्व-सहायता समूह, उत्कृष्ट ग्राम संगठन, लखपति दीदी, उत्कृष्ट सीआरपी एवं उत्कृष्ट बैंक सखी को सांसद बंटी विवेक साहू के हस्ते सम्मानित किया गया। उन्होंने सम्मानित प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रोत्साहित करते हुए अन्य समूहों को भी उनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

आयुष विभाग की एड-ऑन थेरेपी से बालिका के स्वास्थ्य में आया सकारात्मक बदलाव

छिन्दवाड़ा। परासिया विकासखंड के ग्राम शिवपुरी निवासी 8 वर्षीय परी (बदला हुआ नाम) सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित है। वर्ष 2021 में बीमारी की पहचान होने के बाद से ही परिवार को उसके स्वास्थ्य को लेकर कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। कम वजन, आंखों में पीलापन, थकान और पैरों में तेज दर्द के कारण परी की दिनचर्या प्रभावित हो रही थी। थोड़ी दूर चलने पर ही उसके पैरों में दर्द होने लगता था। रात में भी दर्द के कारण उसे काफी परेशानी होती थी।

आयुर्वेदिक चिकित्सा से स्वास्थ्य में हुआ सुधार: परी के उपचार में आयुष विंग छिंदवाड़ा के आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. नितिन टेकरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिला आयुष अधिकारी श्रीमती प्रमिला यावतकर के निर्देशन तथा सिकल सेल के नोडल अधिकारी डॉ. नीरज विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में परी को पहले से चल रही एलोपैथिक चिकित्सा के साथ आयुर्वेदिक दवाइयां एड-ऑन थेरेपी के रूप में दी जाने लगीं। इस दौरान उसकी एलोपैथिक दवाइयां बंद नहीं की गईं। परिवार से प्राप्त फीडबैक के अनुसार, नियमित उपचार के बाद परी के स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। पिछले वर्ष नवंबर के बाद से उसे लगभग 10 महीने तक बाहर से रक्त चढ़ाने की आवश्यकता नहीं पड़ी। उसका वजन, जो पहले लगभग 14 से 18 किलो के बीच रहता था, अब बढ़कर 24 किलो हो गया है। आंखों का पीलापन पूरी तरह समाप्त हो गया है तथा थकान और पैरों के दर्द में भी काफी कमी आई है। अब उसे भूख भी अच्छी लगने लगी है। परी के पिता के अनुसार, उपचार के बाद बच्ची के स्वास्थ्य में आए बदलाव से परिवार संतुष्ट है। वर्तमान में परी एलोपैथिक दवाइयों के साथ आयुष विंग से प्राप्त आयुर्वेदिक दवाइयों का नियमित सेवन कर रही है।आयुष विभाग की चिकित्सकीय टीम के मार्गदर्शन में जारी उपचार से परी के स्वास्थ्य में आए ये बदलाव परिवार के लिए राहत लेकर आए हैं।

मतदाता सूची का शुद्धिकरण जरूरी, लेकिन पात्र मतदाता न छूटें

एसआईआर प्रक्रिया में पारदर्शिता और जनविश्वास बनाए रखना चुनाव आयोग की बड़ी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

भारत में चुनाव आयोग की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर बहस तेज है। मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के साथ पात्र मतदाताओं का नाम सुरक्षित रखना इस प्रक्रिया की सबसे बड़ी चुनौती है। मृत्यु, पलायन, दोहरी प्रविष्टियों और निवास परिवर्तन के कारण मतदाता सूचियों में समय-समय पर संशोधन आवश्यक हो जाता है, लेकिन इसके नाम पर किसी योग्य नागरिक का मताधिकार प्रभावित नहीं होना चाहिए।एसआईआर के तहत बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करते हैं। दस्तावेजों का डिजिटलीकरण, सहायता शिविर, ऑनलाइन सुनवाई और बूथ स्तरीय एजेंटों (बीएलए) की भागीदारी से प्रक्रिया को सुगम बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कमजोर वर्गों, बुजुर्गों, दिव्यांगों और श्रमिकों को पंजीकरण में सहायता देना भी महत्वपूर्ण है।

13 करोड़ नाम हटने पर उठे सवाल

देश के 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में ड्राफ्ट मतदाता सूची से 13 करोड़ से अधिक नाम हटाए जाने का आंकड़ा चर्चा का विषय बना है। हालांकि, इसमें मृतक, स्थायी रूप से पलायन कर चुके, दोहरी प्रविष्टियों वाले और सत्यापन नहीं हो पाने वाले मतदाताओं की श्रेणियां भी शामिल हैं। इसलिए ड्राफ्ट सूची से नाम हटना अपने आप में मताधिकार समाप्त होना नहीं है। प्रभावित मतदाताओं को दावा और आपत्ति दर्ज कराने का अवसर मिलना जरूरी है।

युवाओं की भागीदारी पर जोर

उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 24 जून 2025 से अक्टूबर 2026 के बीच 2.37 करोड़ जेनरेशन जेड मतदाता जुड़े। यह आंकड़ा नए मतदाताओं को जोड़ने और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के महत्व को दर्शाता है। चुनाव आयोग ने मतदाता सूची की शुद्धता के लिए तकनीकी उपायों और निगरानी व्यवस्था पर भी जोर दिया है।ईवीएम की स्वतंत्र कार्यप्रणाली, मॉक पोल, वीवीपैट पर्चियों का मिलान और अन्य सुरक्षा उपाय चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए बनाए गए हैं।

प्रक्रिया, युवा नामांकन और नए न्यायालय का प्रश्न

एसआईआर की समयसीमा में 24 जून 2025 का प्रारंभिक आदेश, 12 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 27 अक्टूबर 2025 का कार्यक्रम और 19 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 14 मई 2026 का कार्यक्रम शामिल था। चुनाव आयोग ने कहा था कि इन आदेशों पर तीनों चुनाव आयुक्तों ने सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की थी।सुप्रीम कोर्ट की 26 मई 2026 और 27 मई 2026 की कार्यवाही ने बिहार एसआईआर ढांचे के कानूनी आधार को बरकरार रखा।इसी बीच, 24 जून 2025 और अक्टूबर 2026 के बीच, 2.37 करोड़ **GENZ** मतदाता जुड़े - लगभग 16 लाख प्रति माह, या 50,000 प्रति दिन। दिल्ली में दावे और आपत्ति दर्ज करने की समय सीमा 30 अक्टूबर 2026 तक बढ़ा दी गई। महाराष्ट्र में 30 नवंबर 2026 तक निपटान के साथ, और महाराष्ट्र में 12 अक्टूबर 2026 तक निपटान के साथ, 10 नवंबर 2026 तक निपटान के साथ।

प्रशासनिक और तकनीकी जाँच : मंत्रिमंडल सचिव को लिखे पत्र में प्रतिनियुक्ति पर तैनात एक अधिकारी के कार्य का उल्लेख था और इसका आयोग की नीतिगत मामलों या सूचना प्रौद्योगिकी विभाग से कोई संबंध नहीं था। दो आयुक्तों के निर्देशों के बावजूद अधिकारी द्वारा जारी कार्य-पुनर्वितरण आदेशों को लागू नहीं किया गया। उप चुनाव आयुक्त द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की निगरानी कभी वापस नहीं ली गई।

राष्ट्र के निर्माण में सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय का उल्लेखनीय योगदान : सांसद

छिंदवाड़ा। राष्ट्र के निर्माण में सरस्वती षिषु मंदिर विद्यालय का उल्लेखनीय योगदान रहा है। यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ ही हमारी संस्कृति, परम्पराओं, सभ्यताओं और राष्ट्र प्रेम से जोड़ा जाता है। यह बात मोहखेड़ में आयोजित जिला संस्कृति महोत्सव एवं लोकार्पण समारोह के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने कही। इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मेरी प्रारंभिक पढ़ाई भी सरस्वती षिषु मंदिर छिंदवाड़ा में हुई है। मेरे साथ पढ़ने वाले मेरे दोस्त आज देष और विदेष में उच्च पदों पर पदस्थ है। सरस्वती षिषु मंदिर के विद्यालय महाकौषल के नंबर एक स्कूल है, यह प्रदेष और देष का सबसे अच्छा स्कूल बने इसके लिए हम सब मिलकर प्रयास करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे इसी तरह मन लगाकर पढ़ाई करते हुए अपने माता-पिता का नाम रोषन करें। आज के समय में सोषल मीडिया का चलन है, विद्यार्थी सोषल मीडिया का उपयोग पढ़ाई में करें।

स्वामित्व योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर की पहल

तहसील बिछुआ और चांद में पटवारियों के साथ बैठकर समझी प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



जिले में स्वामित्व योजना के प्रभावी एवं बेहतर क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन ने मैदानी स्तर पर पहल तेज कर दी है। योजना के तहत स्वामित्व पंजीयन की प्रक्रिया को अधिक सरल, सुगम और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर ने शुक्रवार को तहसील बिछुआ एवं चांद के पटवारियों से अपने समक्ष में स्वामित्व पंजीयन की पूरी प्रक्रिया करवाई और स्वयं भी समझी।

इस दौरान उन्होंने पटवारियों की शंकाओं का समाधान किया तथा कार्य के प्रत्येक चरण की बारीकियों से अवगत कराते हुए प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार भी उनके साथ थे।कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि स्वामित्व योजना का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए आवश्यक है कि मैदानी अमला प्रक्रिया की पूरी जानकारी रखे और प्रत्येक चरण को निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप सावधानीपूर्वक पूरा करे। पंजीयन कार्य में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों को दूर करने और पटवारियों की कार्यक्षमता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

इस पहल का उद्देश्य तकनीकी एवं प्रक्रियागत डाउट दूर कर स्वामित्व पंजीयन के कार्य में गति और गुणवत्ता सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में कलेक्टर शनिवार 10 अक्टूबर को तहसील अमरवाड़ा एवं हर्रई क्षेत्र का दौरा करेंगे। इस दौरान स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन की प्रक्रिया को और बेहतर बनाने तथा पटवारियों को आवश्यक मार्गदर्शन देने पर फोकस रहेगा।

चौरई के वितरण केन्द्र चांद अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में आज रहेगी विद्युत प्रदाय बाधित

छिन्दवाड़ा। म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.क.लि. चौरई के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि 10 अक्टूबर 2026 को चौरई संभाग अंतर्गत 33 के.व्ही. लाइन का रख-रखाव/मेंटेनेंस कार्य होने के कारण प्रातः 08:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा। इसके कारण (संचा./संधा.) संभाग चौरई के वितरण केन्द्र चांद अंतर्गत आने वाले समस्त उच्चदाब कनेक्शनों के साथ-साथ 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र चांद से विद्युत प्रदाय वाले क्षेत्र चांद टाउन, कौआखेड़ा कृषि, चांदढाना, ढीमरमेटा, गौहरगांव, हरनाखेडी एवं भांडपिपरिया के साथ- साथ उक्त 33/11 उपकेन्द्र से संबंधित अन्य ग्रामो की भी विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। कार्य की आवश्यकता को देखते हुए उक्त अवधि बढ़ाई या घटाई जा सकती है।

कलेक्टर ने बिछुआ के जमुनिया कला में आयोजित शिविर में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

जनप्रतिनिधियों ने सौंपा ग्रामीणों को उनकी संपत्ति का मालिकाना हक

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप जनसंवाद के माध्यम से समस्याओं के समाधान और लोकसेवाओं की सुगमता के उद्देश्य से शुक्रवार 09 अक्टूबर को छिंदवाड़ा जिले के बिछुआ विकासखंड की ग्राम पंचायत जमुनिया कला में आयोजित मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर में कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने क्षेत्र के ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान ग्रामीणों ने सीमांकन, अवैध कब्जा हटाने, नल कनेक्शन, पाइप लाइन विस्तार, खराब सड़क, स्वास्थ्य अमले की मॉनिटरिंग, झोलाछाप डॉक्टर्स पर कार्यवाही आदि से सम्बन्धित आवेदन प्रस्तुत किए। इस दौरान क्षेत्र के ग्रामीणों की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का भी समाधान किया गया। आवेदिका गायत्री परतेती की सीमांकन से संबंधित शिकायत पर पटवारी की लापरवाही सामने आने पर खमारपानी पटवारी को निलंबित करने के निर्देश दिए।

पटवारियों ने दिखाई स्वामित्व पंजीयन की पूरी प्रक्रिया: मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आयोजित जनसंवाद एवं जनसमस्या निवारण शिविर में सभी के समक्ष में पटवारी श्री सुनील गागड़े ने सारा ऐप के माध्यम से जमुनिया कला के ग्रामीण श्री अर्जुन मंहडोले का स्वामित्व योजना के तहत पंजीयन की पूरी प्रक्रिया की और कलेक्टर श्री नारायन को दिखाई। पटवारी श्री मंहडोले ने सभी तकनीकी दक्षताओं के साथ अपेक्षाकृत कम समय के अंदर सभी प्रक्रियाएं शीघ्र पूरी कीं और स्वामित्व पंजीयन का कार्य पूर्ण किया। जिसके बाद मौके पर ही तहसीलदार की आईडी से संपदा 2.0 के माध्यम से सत्यापन उपरान्त हितग्राही को उनकी सम्पत्ति के मालिकाना हक का दस्तावेज प्रिंट कर जनप्रतिनिधियों नगर परिषद अध्यक्ष बिछुआ श्री रामचंद्र बोबड़े, जनपद उपाध्यक्ष श्री निरंकुश नागरे, श्री गोलू नागरे, श्री लखन वर्मा व श्री शैलेश चोपड़े के हस्ते हितग्राही को सौंपा गया। इनके साथ ही तहसील बिछुआ के ग्राम उमरिया, घोराड, थोटामाल, दूधगांव, बिछवी, सावजपानी, सिरेपानी और सोनपुर के 12 हितग्राहियों को भी उनकी संपत्ति का मालिकाना हक के दस्तावेज सौंपे गए।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री नारायन ने सभी हितग्राहियों को भू-स्वामी बनने पर बधाई दी और इस दस्तावेज के फायदे बताए। अपनी संपत्ति का मालिकाना हक मिलने पर ग्रामीणों ने भी खुशी जाहिर की और शासन को धन्यवाद दिया।

श्रीराम ने किया धनुष-भंजन, विदेहराज की प्रतिज्ञा हुई पूर्ण, रोशनी से जगमगाता छोटी बाज़ार बना जनकपुरी

छिंदवाड़ा । दिन प्रतिदिन नवाचारों से समृद्ध हो रही छिंदवाड़ा की ऐतिहासिक रामलीला में आज धनुष यज्ञ (सीता स्वयंवर)की लीला खेली गई। मण्डल के उपाध्यक्ष सह कोषाध्यक्ष कपिल गुप्ता एवं दिवस दुबे ने बताया ने कि इस वर्ष नवीन साज सज्जा के साथ श्रीराम विवाह की लीला सम्पन्न हुई । संरक्षक एवं वरिष्ठ कलाकार राजू माहोरे ने बताया कि भव्य जनकपुरी की सभा मे सर्वप्रथम राजा जनक जी का मुनि शतानंद जी के साथ प्रवेश हुआ। विश्वामित्र जी एवं राम लक्ष्मण के प्रवेश के उपरांत प्रतिभागी राजाओं का प्रवेश हुआ। राजसभा में वाणासुर के प्रवेश के बाद उन्हें सभापति नियुक्त किया गया। इसके पश्चात रावण बाणासुर संवाद हुआ। संवाद उपरांत रावण एवं वाणासुर सभा से प्रस्थान करते है। इसी क्रम में जनक जी की आज्ञा से बंदीजन द्वारा महाराज की प्रतिज्ञा को सभी को सुनाया जाता है। जिसमे राजा यह प्रतिज्ञा करते है कि को भी राजा अथवा राजकुमार शिव धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएंगे उनके साथ जानकी का विवाह होगा परन्तु सभी राजा इसमें असमर्थ रहते है। तब राजा जनक रोष में सभी राजाओं को प्रस्थान करने के लिए कहते है इससे लक्ष्मण भयंकर क्रोधित हो जाते है एवं श्रीराम लक्ष्मण को समझाकर शांत करते है। इसके बाद गुरु की आज्ञा से श्रीराम धनुष का भंजन करते है। मंच निर्देशक संतोष जैन सरल ने बताया कि धनुष भंजन के बाद लक्ष्मण परशुराम संवाद की लीला खेली गई।। पटकथा निर्देशक श्रीकांत द्विवेदी ने बताया कि आज श्री राम वन गमन की लीला का मंचन किया जाएगा।

23 सालों में भाजपा नहीं ला पाई एमडी डॉक्टर: धुर्वे

लापरवाही से नवजात की हुई मौत को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

स्थानीय सिविल अस्पताल में कथित तौर पर डॉक्टर की बड़ी लापरवाही के चलते रेणुका अमोल घोडमारे के नवजात शिशु की दर्दनाक मौत का मामला गरमाता जा रहा है। इस घटना से आक्रोशित सौसर तहसील मुख्यालय में शुक्रवार को युवा कांग्रेस के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने तथा अस्पताल में व्याप्त अनियमितताओं पर तत्काल अंकुश लगाने की मांग की गई है,



जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत धुर्वे ने बताया कि सरकार की ओर से लगभग 23 वर्षों से अधिक का जमाना गुजर जाने के बावजूद भी एमडी डॉक्टर,ईसीजी मशीन, सोनोग्राफी की व्यवस्था आदि बनाने में भाजपा सरकार एवं प्रशासन नाकामयाब साबित हुआ है। अस्पताल में सुविधाओं की कमी के चलते क्षेत्र की आम जनता को स्वास्थ्य सेवाये नही मिल रही है।

प्रमुख मांगें और स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली

जिला युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा चुकी हैं। युवा कांग्रेस के द्वारा प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन में सौसर सिविल अस्पताल को 100 बिस्तरों की आधुनिक सुविधा से लैस किया जाए। अस्पताल में एमडी डॉक्टर, सोनोग्राफी मशीन और ईसीजी की स्थाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में मासूम बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की जान से खिलवाड़ बंद हो।

प्रशासन को अल्टीमेटम और उग्र आंदोलन की चेतावनी

युवा कांग्रेस ने प्रशासन को कड़ा अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि यदि इस मामले में जल्द निष्पक्ष कार्रवाई नहीं होती, पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिलता और अस्पताल की मूलभूत व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया जाता, तो आने वाले दिनों में सौसर युवा कांग्रेस द्वारा धरना-प्रदर्शन, तीव्र आंदोलन और चक्का जाम किया जाएगा। इस स्थिति की पूरी जवाबदारी शासन और प्रशासन की होगी।ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत धुर्वे के साथ ज्ञानेश्वर गावंडे, राजा बोडे, जिम्मी टाकभवरे, योगेश अम्बाडारे, भगवान रूंघे, मारोती करोकार सहित कई अन्य युवा साथी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

इमलीखेड़ा और गौधुलि वृद्धाश्रम परिसर में रोपे गए 1,000 पौधे

छिन्दवाड़ा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा द्वारा शुक्रवार को पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृहद पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। अभियान के तहत नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 35 इमलीखेड़ा और वार्ड क्रमांक 47 स्थित गौधुलि वृद्धाश्रम परिसर में कुल 1,000 फलदार एवं छायादार पौधे रोपे गए। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं नगर निगम के अधिकारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा रोपे गए पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया। पौधारोपण अभियान में सांसद श्री विवेक बंटी साहू, श्री शेषराव यादव, श्री विजय पांडे, श्री संजीव यादव, श्री भारत घई, श्री अभिलाष गोहर, श्री धर्मेंद्र मिगलानी, श्री माइकल पहाड़े एवं श्री संजय पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नगर निगम आयुक्त श्री सी.पी. राय, कार्यपालन यंत्री श्री सोनू सकरवार एवं श्री हिमांशु अतुलकर, सहायक यंत्री श्री विवेक चौहान एवं श्री ब्रजेश पांडेय, उप यंत्री सुश्री मनीषा शुक्ला एवं श्री अभिनव तिवारी सहित नगर निगम के उद्यान विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

बैठक के दौरान महिला पटवारी को आया गश्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

आर आई कार्यालय में बैठक के दौरान परीविक्षा अवधि में काम कर रही एक महिला पटवारी गश्त खाकर गिर गई । यह देख अन्य महिला पटवारी घबरा गई । अन्य पटवारियों के सहयोग से गश्त खाकर गिरी पटवारी को निजी अस्पताल ले जाकर इलाज कराया गया । राजस्व विभाग द्वारा स्वामित्व योजना को लेकर पटवारी को टारगेट दिया गया था , जिसमें पटवारी पर प्रशासन के बीच में सहमति नहीं बनने के कारण पटवारी ने अपनी कुछ शंकाओं के कारण स्वामित्व योजना से संबंधित कार्य करना बंद कर दिया । यह स्थिति पूरे प्रदेश में है । इसको लेकर जिला प्रशासन ने गुरुवार को कड़ा रुख अपनाया । जिला कलेक्टर ने जहां कुछ पटवारियों की सेवा बर्खास्तगी का नोटिस दिया , वहीं परिविक्षा अवधि वाले पटवारी पर अतिरिक्त सख्ती बरती जा रही है । इसी कड़ी में शुक्रवार को आर आई कार्यालय परासिया में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी पहुंचे और उन्होंने परीविक्षा अवधि वाले पटवारियों को अलग से चर्चा के लिए बुलाया । बताया जाता है , कि इस दौरान एक महिला पटवारी बेहोश हो गई । जिसके कारण अन्य महिला पटवारी घबराने लगी और रोने लगी । बाहर खड़े अन्य पटवारियों ने जब शोर सुना तो कुछ महिला पटवारी अंदर पहुंची और उन्होंने अन्य पटवारी को ढांढस बंधाया और बेहोश हुई महिला पटवारी को लेकर अस्पताल गए । जहां पर उसका इलाज कराया । इस मामले को लेकर पूरे दिन भर चर्चाओं का बाजार गर्म रहा । बताया जाता है , कि परीविक्षा अवधि वाली पटवारी से चर्चा के दौरान अनुविभागीय राजस्व अधिकारी के कड़े रवैया को देखकर महिला पटवारी दहशत में आ गई थी । इस संबंध में पटवारी संघ परासिया के अध्यक्ष रविंद्र भलावी का कहना है , कि स्वामित्व योजना को लेकर पटवारियों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है । उन्हें विभिन्न तरीके से प्रताड़ित किया जा रहा है । जिसके कारण पटवारियों में भय का माहौल बना हुआ है । इस संबंध में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी से संपर्क स्थापित करने का प्रयास किया गया संपर्क स्थापित नहीं होने के कारण उनका पक्ष नहीं लिया जा सका ।

शराब पार्टी में विवाद के बाद दोस्त की हत्या



चौरई। पानी की टंकी के नीचे मिले युवक के शव के मामले में चौरई पुलिस ने हत्या का खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार, शराब पार्टी के दौरान हुए विवाद में युवक शुभम उर्फ बम्बईया वर्मा की उसके साथी सुमित वंशकार ने पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।पुलिस के मुताबिक, 7 अक्टूबर को वार्ड क्रमांक-1 स्थित पानी की टंकी के नीचे शुभम का शव संदिग्ध अवस्था में मिला था। शरीर पर चोट के निशान मिलने के बाद पुलिस ने हत्या की आशंका पर जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि 6 अक्टूबर को स्टेडियम ग्राउंड में शुभम और सुमित सहित कुछ साथी शराब पी रहे थे। इसी दौरान शुभम और सुमित के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर सुमित ने पत्थर से हमला कर शुभम की हत्या कर दी और शव पानी की टंकी के नीचे छोड़ दिया।एसडीओपी भारती जाट के नेतृत्व में गठित टीम ने जांच के बाद आरोपी सुमित वंशकार (20), निवासी वार्ड क्रमांक-1 चौरई को गिरफ्तार किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी मोहन सिंह मर्सकोले सहित पुलिसकर्मियों की भूमिका रही। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया।

विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव और सड़क सुरक्षा का दिया संदेश



छिन्दवाड़ा। मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सेवा मेरा योगदान' के तहत जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था सेवा संकल्प वेलफेयर सोसाइटी, आईपीएस कॉलेज एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में परासिया रोड स्थित आईपीएस कॉलेज छिंदवाड़ा में आज साइबर सुरक्षा, यातायात जागरूकता एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संयोजक श्री संदीप अग्निहोत्री एवं कॉलेज प्राचार्य डॉ. जैमिनी खानवे की पहल पर किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को बढ़ते साइबर अपराधों और ऑनलाइन ठगी के प्रति जागरूक करना, यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करना था। कार्यक्रम जिला कलेक्टर, जिला पुलिस अधीक्षक एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में साइबर सेल प्रभारी टीआई श्रीमती कंचन सिंह राजपूत, साइबर एक्सपर्ट एसआई श्री अभिषेक ठाकुर, यातायात प्रभारी श्री संदीप सुनेश, आरआई श्री लाखन सिंह बघेल, सूबेदार श्री लोहित शेंडे एवं श्री संदीप अग्निहोत्री उपस्थित थे।

साइबर अपराधों से बचाव की दी जानकारी: टीआई श्रीमती कंचन सिंह राजपूत एवं साइबर एक्सपर्ट एसआई श्री अभिषेक ठाकुर ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के विभिन्न तरीकों, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक, ओटीपी साझा करने से होने वाले नुकसान तथा बैंकिंग संबंधी ठगी से बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपनी गोपनीय जानकारी किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें, संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें तथा डिजिटल लेनदेन करते समय विशेष सावधानी बरतें।

पूर्व सैनिकों और वीर नारियों का सम्मान कर राष्ट्र सेवा में योगदान को किया नमन

वीर सैनिकों एवं अभिभावकों का सम्मान समारोह हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत 2 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक आयोजित हो रहे 'सेवा मेरा योगदान' अभियान अंतर्गत शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में वीर सैनिक एवं अभिभावक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला सैनिक कल्याण बोर्ड छिन्दवाड़ा श्री हरेंद्र नारायन के मार्गदर्शन में आयोजित इस समारोह में जिले के पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों का सम्मान कर राष्ट्र की रक्षा और सेवा में उनके अमूल्य योगदान को नमन किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री शेषराव यादव, श्री विजय पांडे, श्री धर्मेन्द्र मिगलानी एवं श्री अंकुर शुक्ला उपस्थित सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं एडीएम श्री धीरेन्द्र सिंह, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमाण्डर श्री देवेन्द्र सिंह तोमर, प्रभारी एसडीएम छिन्दवाड़ा श्री पुष्पेंद्र निगम, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर श्री राहुल कुमार पटेल एवं श्री राजेश मरावी सहित अन्य अधिकारी, पूर्व सैनिक, वीर नारियां एवं उनके परिजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा उपस्थित पूर्व सैनिकों तथा वीर नारियों का शॉल, श्रीफल एवं पुष्पहार से स्वागत कर सम्मानित किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए श्री शेषराव यादव ने कहा कि जिले के पूर्व सैनिकों के अनुभवों को एकत्रित किया जाना चाहिए, ताकि नई पीढ़ी को उनके अनुभवों से सीखने और राष्ट्र सेवा की भावना को समझने का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि छिन्दवाड़ा जिले में बड़ी संख्या में ऐसे पूर्व सैनिक हैं, जिन्होंने देश की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके अनुभव, समर्पण और अनुशासन से युवाओं को प्रेरणा मिल सकती है। पूर्व सैनिकों के जीवन के अनुभवों को सहेजकर नई पीढ़ी तक पहुंचाना समाज और देश के लिए उपयोगी होगा।

एडीएम श्री धीरेन्द्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि नई पीढ़ी के लिए पूर्व सैनिकों का मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण है।

पालतू के साथ आवारा कुत्तों का भी हुआ चेकअप

सरकारी अस्पताल मैदान में लगा फ्री वैक्सीनेशन कैंप

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



आपने अक्सर सरकारी शिविरों में पालतू जानवरों का इलाज होते देखा जाता है, लेकिन शुक्रवार 9 अक्टूबर को कटंगी के सरकारी अस्पताल मैदान परिसर में कुछ अलग ही नजारा देखने को मिला। यहां पशु चिकित्सा विभाग और पार्थ मेडिकल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित फ्री वैक्सीनेशन एंड हेल्थ चेकअप शिविर में पालतू कुत्तों के साथ-साथ बेसहारा आवारा कुत्तों का भी टीकाकरण और स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर का शुभारंभ सुबह 11 बजे हुआ। शिविर में मुख्य रूप से उपसंचालक पशु चिकित्सा विभाग डॉक्टर घनश्याम परते, पशु चिकित्सा ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ अक्षय साहू, डॉ नवनीत परिहार, डॉ दिग्विजय गौर तिरोड़ी ने अपनी सेवाएं दीं। इसके साथ ही सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी रोशनी मेश्राम, सोनिका ठाकरे सहित विरबेक फार्मा और मैनकाइंड फार्मा के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। शिविर में सुबह से ही कुत्ता पालकों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोग अपने पालतू कुत्तों को लेकर पहुंचे और उनका रेबीज सहित अन्य बीमारियों के लिए टीकाकरण करवाया। इस शिविर का सबसे मानवीय चेहरा बने समाजसेवी अनुराग त्रिवेदी। उन्होंने विशेष प्रयास करते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आवारा और बेसहारा कुत्तों को पकड़वाकर शिविर तक पहुंचाया। इन आवारा कुत्तों का भी फ्री में रेबीज वैक्सीनेशन और हेल्थ चेकअप करवाया गया, ताकि शहर में रेबीज जैसी घातक बीमारी के खतरे को कम किया जा सके। डॉ घनश्याम परते ने बताया कि बदलते मौसम में पालतू जानवरों में बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। समय पर टीकाकरण ही उन्हें सुरक्षित रख सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने पालतू जानवरों के साथ-साथ गली-मोहल्ले के बेसहारा जानवरों के प्रति भी संवेदनशील बनें।

सोमनाथ उद्यान सावंगी परिसर में विधायक विवेक पटेल ने किया वृक्षारोपण

पौधे जब तक पेड़ ना बन जाए, तब तक उनकी करें देखभाल - विवेक पटेल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



सेवा संकल्प अभियान के तहत सोमनाथ उद्यान सावंगी में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां लगभग दो दर्जन से अधिक फलदार व औषधीय पौधों का रोपण कर पूर्ण सुरक्षा प्रदान करने का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को प्रकृति के प्रति जागरूक करने के साथ बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और वनों की कटाई जैसी गंभीर समस्याओं के खिलाफ कदम उठाने के लिये प्रेरित करना है। पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण में वृद्धि तथा नागरिकों को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करना है।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक विवेक पटेल पहुंचे। जहां विधायक विवेक पटेल ने जनपद पंचायत के पदाधिकारियों के साथ वृक्षारोपण किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य गीता हनवत, जनपद सदस्य संदीप राणा, सरपंच महेन्द्र राणा, उपसरपंच धनेन्द्र चौहान, सचिव अंकित जैसवाल, सरोज सरैया, प्रियंका नोनारकर, विनोद बट्टी, पन्ना ठाकरे, नेतलाल पटले, प्रज्जवल राणा, हिलेन्द्र ठाकरे, सुखचंद ठाकरे, प्रफुल्ल राणा मौजूद रहे।

पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए क्षेत्रीय विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि प्रत्येक नागरिक अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान करे। वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। बढ़ते प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण एवं उनके संरक्षण की आवश्यकता है। वृक्ष लगाने के साथ ही उनकी देखभाल करना हमारी जवाबदारी भी है। जब तक वह पेड़ बड़े ना हो जाए। उसकी देखभाल करे। पेड़ो की खूबसूरती ही गाँव की पहचान है। जितने ज्यादा पेड़ लगेंगे। गर्मी के तापमान भी कम होगा। हमने कोरोनाकाल के समय देखा है कि आक्सीजन की कितनी कमी हुई थी। हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए। आप पौधा लगाकर छोड़े मत, उन्हें पेड़ बनाइये।

केशव स्कूल में नन्हे-मुन्नों ने मनाया ग्रैंडपेरेंट्स डे

वारासिवनी। नगर के प्रतिष्ठित केशव इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल वारासिवनी के किंडर गार्टन विभाग में ग्रैंड पेरेंट्स डे का आयोजन बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और उनके दादा-दादी एवं नाना-नानी के बीच प्रेम, सम्मान और भावनात्मक जुड़ाव को और मजबूत करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ज्ञान विकास समिति अध्यक्ष प्रदीप तिवारी, सचिव विजय तेलास्कर, सहसचिव शौर्य रूसिया, विद्यालय के अधीक्षक जितेन्द्र टेम्भरे, प्राचार्य मयंक मिश्रा एवं लेखापाल पांडूरंग चौधरी उपस्थित रहे। ग्रैंड पेरेंट्स डे के अवसर पर अध्यक्ष श्री तिवारी ने अपने प्रेरणादायक उद्‌बोधन में समाज एवं परिवार में दादा-दादी, नाना-नानी के विशेष स्थान और उनके अमूल्य महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दादा-दादी केवल परिवार के बड़े सदस्य ही नहीं, बल्कि बच्चों के लिए प्रेम, संस्कार, अनुभव और सुरक्षा का अनमोल आधार होते हैं।

उन्होंने संयुक्त परिवार के महत्व को बताते हुए कहा कि जिस बच्चे के जीवन में दादा-दादी, नाना-नानी का स्नेह और आशीर्वाद है, वह वास्तव में बहुत भाग्यशाली है। दादा-दादी के बिना नाती-नातिन का बचपन उस अपनापन, प्यार और सुंदर यादों से अधूरा सा रह जाता है, जो जीवन भर उनका साथ देती हैं।

कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। बच्चों ने आकर्षक फैंसी ड्रेस में विभिन्न रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा। इसके पश्चात बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियाँ दी गईं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपने दादा-दादी एवं नाना-नानी के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त किया। विद्यालय परिसर में खुशी, उत्साह और पारिवारिक स्नेह का सुंदर वातावरण देखने को मिला।

रात 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर होगी एफआईआर, साउंड सिस्टम भी होगा जब्त

नवरात्र पर्व को लेकर लांजी थाने में शांति समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज लांजी। शारदीय नवरात्र पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से लांजी थाना परिसर के सभागृह में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में लांजी एसडीओपी दीपक तोमर, थाना प्रभारी घनश्याम बैरागी सहित नगर के गणमान्य नागरिक, विभिन्न दुर्गा उत्सव समितियों के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए दुर्गा उत्सव समितियों के आयोजनकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में माता रानी की स्थापना से लेकर नौ दिनों तक चलने वाले धार्मिक आयोजनों और प्रतिमा विसर्जन तक की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक के दौरान नवरात्र पर्व में कानून व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग, यातायात नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था, बिजली आपूर्ति तथा विसर्जन के दौरान होने वाली संभावित समस्याओं को लेकर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित लोगों ने पर्व के दौरान आपसी सहयोग, अनुशासन और प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए त्योहार मनाने पर जोर दिया।

शांति समिति की बैठक में नगरवासियों ने नवरात्र पर्व के दौरान डीजे और ध्वनि विस्तारक यंत्रों के तेज आवाज में संचालन को लेकर अपनी चिंता जाहिर की। नागरिकों ने कहा कि नवरात्र से लेकर प्रतिमा विसर्जन तक कई स्थानों पर डीजे की आवाज इतनी तेज रहती है कि उसकी गूंज पूरे नगर में सुनाई देती है। इससे घरों में रहने वाले बुजुर्गों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, वहीं विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है।नगरवासियों ने मांग की कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग निर्धारित मानकों एवं प्रशासन के नियमों के अनुसार किया जाए, ताकि धार्मिक उत्सव की भव्यता के साथ आम नागरिकों की सुविधाओं का भी ध्यान रखा जा सके। लोगों का कहना था कि धार्मिक आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ होने चाहिए, लेकिन ध्वनि प्रदूषण के कारण किसी भी परिवार, बुजुर्ग या विद्यार्थी को अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए।बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि सभी दुर्गा



उत्सव समितियां निर्धारित समय-सीमा का पालन करें और अपने आयोजनों में अनुशासन बनाए रखें, जिससे नवरात्र पर्व के दौरान नगर का वातावरण शांतिपूर्ण बना रहे।

बैठक में लांजी एसडीओपी दीपक तोमर ने कहा कि नवरात्र का पर्व आस्था, श्रद्धा और भक्ति का पर्व है। सभी नागरिकों को मिल-जुलकर माता रानी का त्योहार शांतिपूर्ण वातावरण में मनाना चाहिए। पुलिस प्रशासन द्वारा पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।उन्होंने कहा कि माता रानी की स्थापना से लेकर प्रतिमा विसर्जन तक होने वाले कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की रणनीति तैयार की जाएगी। नगर के प्रमुख चौक-चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।एसडीओपी ने यातायात व्यवस्था को लेकर भी गंभीरता से कार्य करने की बात कही।

नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ने और विभिन्न स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होने के कारण यातायात प्रभावित होने की आशंका रहती है। इसे देखते हुए यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी।उन्होंने आम नागरिकों, दुर्गा उत्सव समितियों और आयोजनकर्ताओं से पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास से ही नवरात्र पर्व को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया जा सकता है।

शासकीय महाविद्यालय किरनापुर के एनएसएस के बच्चों द्वारा ग्राम परसाटोला में की सफाई



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय किरनापुर द्वारा विभिन्न सेवा संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है । इसी अभियान के अंतर्गत 8 अक्टूबर 2026 को सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें छात्र छात्राओं और स्टाफ़ के सदस्यों ने ग्राम परसाटोला जा कर स्वच्छता के साथ प्लास्टिक उन्मूलन सेवा कार्य किया । इस अवसर पर महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान 2026 की नोडल अधिकारी डॉ पल्लवी रिनाहिते, कार्यक्रम संयोजक NSS प्रभारी सुश्री साक्षी बंसोड़ श्री लीलाधर चचाने, एवं श्री शरद खत्री मौजूद रहे। सभी ने मिलकर सर्वप्रथम श्रमदान किया और गाँव के पेयजल और सार्वजनिक स्थानों पर सफ़ाई का कार्य किया । गाँव के माता मंदिर के आसपास फैली गंदगी को हटाया। NSS के वालंटियर ने इसमें बढ़ चढ़ कर भाग लिया और स्वच्छता का संदेश दिया।

इस अवसर पर डॉ पल्लवी रिनाहते ने कहा स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। स्वच्छ गाँव ही स्वस्थ गाँव होता है। यदि हमारा गाँव साफ-सुथरा रहेगा, तो बीमारियाँ कम होंगी और हमारा वातावरण भी सुंदर और स्वस्थ रहेगा।

इस के पश्चात गाँव के सरपंच महोदय, महिलाएँ और छात्र छात्राओं ने मिलकर वृक्षारोपण का कार्य भी किया। और ग्रामवासियों से अपील भी की कि इन पौधों का ध्यान रखें एवं समय पर पानी दें। सुश्री साक्षी बंसोड़ ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं। पेड़ हमें ऑक्सीजन, फल, फूल, लकड़ी और छाया प्रदान करते हैं। वे वातावरण को शुद्ध रखते हैं और गर्मी को कम करने में भी मदद करते हैं। पेड़ों के कारण वर्षा होती है और मिट्टी का कटाव भी कम होता है।

हमारे गाँव का जीवन प्रकृति से जुड़ा हुआ है। इसलिए गाँव को हरा-भरा और सुंदर बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। हमें अपने घरों, खेतों, स्कूलों, सड़कों और खाली स्थानों पर अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। इस प्रकार के सेवा कार्य बच्चों को समाज से जोड़ते है जिस उनका सर्वांगीण विकास हो सके ।

खबर संक्षेप

राजेश उइके को सौंपी गई जिले की प्रथम स्वामित्व रजिस्ट्री



मण्डला। कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे द्वारा जनविश्वास शिविर के दौरान मंडला जिले में स्वामित्व योजना की पहली रजिस्ट्री जंतीपुर निवासी राजेश कुमार उइके को सौंपी गई। जिले में योजना के तहत पहली रजिस्ट्री मिलने से हितग्राही को अपनी आवासीय संपत्ति के स्वामित्व का कानूनी दस्तावेज प्राप्त हुआ। स्वामित्व योजना का उद्देश्य ग्रामीण आबादी क्षेत्रों में निवासरत परिवारों को उनकी आवासीय संपत्ति के स्वामित्व का अभिलेख उपलब्ध कराना है। इससे ग्रामीणों को अपनी संपत्ति पर अधिकार का प्रमाण मिलता है तथा संपत्ति संबंधी विवादों की स्थिति में भी सहायता मिलती है। जनविश्वास शिविर के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सरलता और सुगमता से पहुँचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। मंडला जिले की पहली रजिस्ट्री सौंपा जाना ग्रामीणों को संपत्ति संबंधी अधिकारों के दस्तावेज उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे ग्रामीण परिवारों में अपनी संपत्ति के अधिकारों के प्रति विश्वास मजबूत होगा।

अधिकारी कब करेंगे संवेदनशीलता और जिम्मेदारी से काम

चेहरे को छोड़ आइना साफ कर रहे हम

*** लगातार निर्देश जारी करने से ही क्या होगा समाधान।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

"कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने कहा कि जनविश्वास शिविर का उद्देश्य प्रशासन को आमजन के करीब लाना और उनकी समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना है। ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से भटकना न पड़े, इसके लिए अधिकारी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।"

तत्संबंध के निर्देश कलेक्टर द्वारा लगातार विभिन्न बैठकों, विभिन्न कार्यक्रमों और विभिन्न शिविरों में लगातार जारी किये जाते रहे हैं लेकिन जिले के अधिकारी हैं कि समझने को ही तैयार नहीं। अब



जबकि समस्यायें जस की तस हैं तो निर्देश के बाद आगे क्या कार्यवाही की जायेगी?

गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य अब जिले की पहचान बन चुके हैं लगातार घटिया निर्माणों की खबरों से न केवल अखबार भरे होते हैं बल्कि सोशल मीडिया में भी इनकी चर्चा होती रहती है। निर्माण एजेंसियों की मनमानी से न केवल ग्रामीणजन परेशान हैं बल्कि शासन को भी जमकर क्षति हो रही है तकनीकि अधिकारियों द्वारा घर बैठे मूल्यांकन किया जा रहा है कार्य की गुणवत्ता फिर जांचे तो कौन?

जिला मुख्यालय तक पहुंचकर ग्रामीणजन यही तो शिकायत करते हैं कि निर्माण कार्य समय पर पूरे नहीं हो रहे, निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा, पंचायतों में खर्चों का कोई हिसाब किताब नहीं, फर्जी भुगतानों की बाढ़ सी आ गई है और जिला पंचायत सिर्फ जांच दल का कागज ही तैयार कर पा रही है न तो कभी जांच दल मौके पर जांकर जांच करता है और न कभी जांच का प्रतिवेदन ही सामने आ पाता है और न कभी जिला प्रशासन उनसे जबाव तलब करता कि आखिर जांच में हुआ क्या? निर्माण एजेंसी आरईएस की जांच वर्षो से जिला पंचायत कर रहा है लेकिन जांच रिपोर्ट है कि बाहर ही नहीं आ पा रही।



निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा, कमी मिलने पर दोबारा कराना होगा निर्माण कार्य-कलेक्टर

कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे की अध्यक्षता में निर्माण विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई, मध्यप्रदेश भवन विकास निगम, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सहित विभिन्न निर्माण एजेंसियों के कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जिले में जारी सड़क निर्माण कार्यों एवं विभिन्न शासकीय भवनों के निर्माण की बिंदुवार जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए। निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित कार्य को तोड़कर दोबारा गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करने तथा निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी मंडला की बेटियाँ



*** राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जीतकर दिल्ली में बनाई जगह।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मंडला जिले के लिए गौरव की बात है कि शासकीय संदीपनी विद्यालय, कालपी की बालिका हॉकी टीम राष्ट्रीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रही है। दिल्ली में 9 से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में टीम की बालिकाएं अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगी। खेल कैलेंडर के अनुसार, जिला कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे, सहायक आयुक्त डॉ. अरुण कुमार शुक्ला एवं जिला क्रीड़ा प्रभारी मंगल सिंह पंद्रे के मार्गदर्शन में टीम ने नेहरू हॉकी शालेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता, सिवनी में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया।

राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए टीम के कोच विपिन कुजूर एवं टीम मैनेजर राजकुमार बावरिया के साथ क्रीड़ा परिसर कालपी की श्रीमती रेखा बैरागी भी टीम के साथ हैं। बालिकाओं की इस उपलब्धि से जिले में हर्ष का माहौल है।

टीम की सफलता पर पीटीआई डी.एस. ठाकुर, जमादार सिंह धुर्वे, श्रीमती लीला पंद्रे, गौतम सूर, श्रीमती बिंदु पिल्ले, श्रीमती सीमा, श्रीमती द्रौपदी चीचाम, श्रीमती मिली सिंह, श्रीमती मिनी सिंह, दिनेश बघेल, नवीन चौरसिया, रविंद्र उइके, आलोक कुजूर, श्याम यादव एवं रामफल गौठरिया सहित अन्य लोगों ने बालिकाओं को शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की है।



नीरज की हैट्रिक के चलते ज्ञानदीप ने केंद्रीय विद्यालय को 4/0 से हराया

*** रोमांचक मुकाबले में एक्सीलेंस स्कूल ने ब्रेन चाइल्ड को 2/3 से दी मात।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



शुक्रवार को स्थानीय महात्मा गांधी स्टेडियम में जिला फुटबाल संघ एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंडला के संयुक्त तत्वाधान में अंतर शालेय बालक वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता अंतर्गत 3 मैच खेले गए। पहला मैच शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 और अमल ज्योति स्कूल के बीच खेला गया। इस मैच में क्रमांक 2 ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अमल ज्योति को दो शून्य से मात दी। क्रमांक 2 की तरफ से आशीष और जितेंद्र ने गोल किए। दूसरा मैच ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल और केंद्रीय विद्यालय संगठन के बीच खेला गया। इस मैच में ज्ञानदीप के खिलाड़ियों ने बेहतर दमखम और तालमेल का प्रदर्शन करते हुए केंद्रीय विद्यालय को एक तरफा मुकाबले में चार शून्य से हराया। इस मैच में ज्ञानदीप के नीरज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार तीन गोलकर हैट्रिक बनाई। एक गोल यावेश ने किया। शुक्रवार का तीसरा मैच ब्रेन चाइल्ड अकैडमी और एक्सीलेंस स्कूल के बीच खेला गया। यह मैच काफी रोमांच और संघर्ष से परिपूर्ण रहा। मैच में पहला गोल ब्रेन चाइल्ड के अनिमेष जैन ने किया और अपनी टीम को एक शून्य की बढ़त दिला दी। इसके बाद पहला हाफ खत्म होने के कुछ देर पहले एक्सीलेंस स्कूल के कुणाल ने गोलकीपर को चकमा देते हुए उसके बाय तरफ से शानदार फुटवर्क दिखाते हुए गेंद को गोल में डाल दिया और दोनों ही टीम में एक-एक गोल से बराबरी पर आ गई। सेकंड हाफ शुरू होते ही दोनों ही टीमों ने एक दूसरे के गोल पर लगातार हमने बोले लेकिन एक बार फिर ब्रेन चाइल्ड की टीम बढ़त बनाने में कामयाब हो गई। पियूष बैरागी ने गोलकीपर के रिबाउंड को शानदार तरीके से गोल में तब्दील कर अपनी टीम को एक के मुकाबले दो गोलों से आगे कर दिया। मैच में लगातार दूसरी बार ब्रेन चाइल्ड की टीम बढ़त बनाने में कामयाब रही लेकिन एक्सीलेंस स्कूल के फारवर्ड लगातार ब्रेन चाइल्ड के गोल पर हमला बोल रहे थे। जल्दी एक शानदार मैदानी गोल कर रितेश यादव ने एक बार फिर मैच को बराबरी पर ला दिया। मैच के आखिरी लम्हों में एक्सीलेंस स्कूल के कुणाल ने एक बार फिर शानदार गोल कर मैच में एक्सीलेंस स्कूल को निर्णायक बढ़त दिला दी। इस तरह इस रोमांचक मुकाबले में एक्सीलेंस स्कूल ने ब्रेन चाइल्ड को दो के मुकाबले तीन गोलों से मात दे दी। शनिवार को दोपहर 1:00 बजे पहला मैच मोंटफोर्ट स्कूल और जवाहर नवोदय विद्यालय पदमी के बीच खेला जाएगा। इसके तत्काल बाद दूसरा मैच नेहरू शाला महाराजपुर और केंद्रीय विद्यालय के मध्य होगा। तीसरा मैच भारत ज्योति विद्यालय और अमल ज्योति विद्यालय के मत खेला जाएगा।

युवक के पेट में चाकू मारा- गंभीर हालत में जबलपुर रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कोतवाली थाना क्षेत्र के डिंडौरी नाका स्थित पड़ाव के पास गुरुवार रात दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान एक युवक ने पंकज ब्रम्हे पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू पेट में लगने से पंकज गंभीर रूप से घायल हो गया। मारपीट में कुछ अन्य लोगों को भी चोटें आई हैं।

घायल पंकज ब्रम्हे स्वामी सीताराम वार्ड का निवासी है। उसे जिला अस्पताल मंडला में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं, मारपीट में घायल अन्य लोगों की हालत फिलहाल सामान्य बताई गई है। तीन संदिग्धों की पहचान, तलाश जारी



सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना में शामिल तीन संदिग्ध आरोपियों की पहचान कर ली है और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस घायल और अन्य संबंधित लोगों से पूछताछ कर रही है।

अधिकारियों के मुताबिक, विवाद की वजह अभी स्पष्ट नहीं हुई है। बयान दर्ज करने और घटनाक्रम की जानकारी जुटाने के बाद एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पहल | **महुआ के फूल और गुली से बदलेगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर।**

कलेक्टर की पहल से महुआ को मिलेगा बाजार

*** वन समितियों और स्व-सहायता समूहों के जरिए बढ़ेगी आदिवासी परिवारों की आय।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मंडला के जंगलों में बिखरा महुआ अब ग्रामीण समृद्धि का नया आधार बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। जिन महुआ फूलों और बीजों का संग्रहण ग्रामीण परिवार वर्षों से परंपरागत तरीके से करते आए हैं, उन्हें अब बेहतर मूल्य दिलाने और उनकी उपयोगिता बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन ने नई पहल की है। कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे की पहल का उद्देश्य महुआ के संग्रहण से लेकर प्रसंस्करण और बाजार तक ऐसी व्यवस्था विकसित करना है, जिससे जिले के आदिवासी परिवारों को उनकी मेहनत का बेहतर मूल्य मिल सके।

मंडला जिले में महुआ के 55 हजार से अधिक पेड़ हैं। यह 10 हजार से अधिक परिवारों के लिए अतिरिक्त आय का महत्वपूर्ण स्त्रोत है। महुआ फूल और महुआ बीज की सही तरीके से पहचान, संग्रहण, गुणवत्ता संरक्षण और व्यवस्थित बिक्री के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की व्यापक संभावनाएं हैं। इसी संभावना को साकार करने के लिए प्रशासन महुआ को केवल वन उपज तक सीमित न रखते हुए इसे आजीविका और स्थानीय आर्थिक विकास से जोड़ने की दिशा में काम कर रहा है।

वर्तमान में ग्रामीण परिवार जमीन पर गिरे महुआ फूलों को एकत्रित करते हैं। इस प्रक्रिया में फूलों के साथ मिट्टी और सिलिका के कण मिल जाने से उनकी गुणवत्ता प्रभावित होती है तथा खाद्य उपयोग के लिए उनकी उपयुक्तता कम हो सकती है। इस समस्या के समाधान के लिए महुआ के पेड़ों के नीचे उनके कैनोपी क्षेत्र में नेट लगाने का सुझाव सामने आया है। इससे पेड़ से गिरने वाले फूलों को जमीन के सीधे संपर्क से बचाकर अपेक्षाकृत स्वच्छ स्थिति में एकत्रित करने में मदद मिलेगी। इसके लिए एक सीजन तक उपयोग की जा सकने वाली कम लागत की नेट उपलब्ध कराने की संभावना पर भी चर्चा की गई है।

इस पहल में महुआ फूल और महुआ बीज के संग्रहण एवं विपणन की अलग-अलग व्यवस्थाएं प्रस्तावित की गई हैं। महुआ फूलों का संग्रहण वन समितियों के माध्यम से किया जाएगा तथा उद्योगपति समितियों से इनका क्रय करेंगे। वहीं, महुआ की गुली यानी बीजों के संग्रहण की जिम्मेदारी स्व-सहायता समूहों के फेडरेशन को दी जाएगी और कम्पनियाँ उनसे सीधे खरीद करेंगी।

इस व्यवस्था से ग्रामीण उत्पादकों और उद्योगों के बीच सीधा संपर्क स्थापित करने, संग्रहण को व्यवस्थित बनाने और महुआ के व्यावसायिक उपयोग की संभावनाओं को बढ़ाने में मदद मिल सकती है। साथ ही, स्थानीय स्तर पर सामुदायिक संस्थाओं की भूमिका मजबूत होगी और ग्रामीणों को बाजार से जोड़ने का रास्ता तैयार होगा। महुआ की संभावनाओं को व्यापक बाजार तक पहुंचाने के लिए प्रसंस्करण और वैल्यू एडिशन पर भी जोर दिया जा रहा है। मनेरी स्थित अद्वैत साल्वेन्ट प्रा. लि. और ओरिएण्ट एथेनॉल प्रा. लि. के प्रतिनिधियों ने महुआ प्रसंस्करण तथा मूल्य संवर्धन से जुड़ी संभावनाओं का प्रस्तुतीकरण दिया। उद्योगों की सहभागिता से महुआ के संग्रहण, गुणवत्ता और उपयोग को बेहतर बनाने की दिशा में कार्ययोजना तैयार करने की पहल की गई है। कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे की इस पहल का मूल उद्देश्य जिले की पारंपरिक वन संपदा को ग्रामीणों की आर्थिक उन्नति से जोड़ना है। यदि महुआ का संग्रहण गुणवत्तापूर्ण हो, उपार्जन की व्यवस्था सुदृढ़ बने और प्रसंस्करण के माध्यम से बाजार की मांग के अनुरूप उत्पाद तैयार हों, तो यह पहल हजारों परिवारों के लिए आय के बेहतर अवसर सृजित कर सकती है।

मंडला के जंगलों में उपलब्ध महुआ की यह प्राकृतिक संपदा अब ग्रामीणों की मेहनत, सामुदायिक सहभागिता और उद्योगों के सहयोग से समृद्धि की नई कहानी लिखने की क्षमता रखती है।

सेवा संकल्प अभियानः सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों का सम्मान समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिला योजना भवन में सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला पुलिस बल मंडला द्वारा किया गया। सेवा संकल्प अभियान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाया जा रहा है, जो विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

समारोह में देश की सेवा कर चुके वीर सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों तथा सैनिकों के सम्माननीय परिजनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश की रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना तथा समाज में सेवा और राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रबल करना रहा।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिव कुमार वर्मा ने कहा कि सैनिकों का त्याग और अनुशासन हम सभी के लिए प्रेरणा है। पुलिस और सेना दोनों ही राष्ट्र सेवा के दो सशक्त स्तंभ हैं और ऐसे आयोजन से आपसी सम्मान और जुड़ाव बढ़ता है। कार्यक्रम में आर.आई. रक्षित केन्द्र श्री सुनील नागवंशी, कमांडेंट होमगार्ड श्री साहू सहित जिला पुलिस बल के अधिकारी-कर्मचारी, पूर्व सैनिकगण एवं उनके परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा- कार्यक्रम को कार्यक्रम रहने दे, उसे किसी पार्टी का ना बनाएं

जनसंवाद कार्यक्रम में कांग्रेस-भाजपाईयों में नूरा कुश्ती

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में शुक्रवार को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जनसंवाद कार्यक्रम में भाजपा और कांग्रेस के प्रतिनिधि आपस में भिड़ गए। बीच-बचाव नहीं होता तो मारपीट हो सकती थी। इस दौरान विधायक अनुभा मुंजारे और जिला पंचायत सीईओ तनुश्री दत्ता समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

यह कार्यक्रम पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल बकोड़ा में हुआ था। मंच पर भाजपा के जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी बैठे थे। जब विधायक मुंजारे पहुंचीं, तो उनके लिए मंच पर जगह नहीं थी। इसी बीच मंच से राजनीतिक बयानबाजी होने से विवाद बढ़ गया। प्रशासनिक अधिकारी इस मामले में चुप रहे। विधायक अनुभा मुंजारे ने भाजपा पदाधिकारियों के गुंडाराज और अभद्र व्यवहार का विरोध किया। उन्होंने कहा कि जनसंवाद का मकसद जनता की समस्याएं सुनना और उनका समाधान करना है, न कि राजनीतिक ताकत दिखाना। मुंजारे ने साफ कहा कि जनता के सम्मान और लोकतांत्रिक मर्यादा पर कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।जनता की आवाज उठाना हमारा दायित्व है। किसी के दबाव या राजनीतिक धमकियों से जनहित के मुद्दों पर हमारी आवाज न पहले रुकी है और न आगे रुकेगी। जनता के सम्मान से कोई समझौता नहीं होगा।प्रशासन के लालबर्रा मुख्यालय छोड़कर बकोड़ा में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने प्रशासन पर आरोप लगाया कि क्षेत्रीय विधायक होने के बावजूद, उनसे इस संदर्भ में कोई चर्चा नहीं की गई। उन्होंने जिला प्रशासन को आगाह करते हुए कहा कि कार्यक्रम को सरकारी कार्यक्रम ही रहने दें। इसे किसी पार्टी विशेष का कार्यक्रम ना बनाएं अन्यथा जनता की आवाज को दबाने वालों को कभी नहीं बख्शा जाएगा।

वन्य प्राणियों के उत्पात और बिजली से बेहाल
अन्नदाता ने दी सरकार को आंदोलन की चेतावनी

धान की फसल पर माहू का कहर!

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

क्षेत्र का अन्नदाता आज चारों तरफ से परेशानियों से घिरा हुआ है। खेत में खड़ी धान की फसल को कीट माहू चट कर रहा है, तो दूसरी तरफ वन्य प्राणी खेतों में लगी उनक उम्मीदों पर पानी फेर रहा है। बिजली की आंख-मिचौली और उपज का उचित दाम न मिलने से किसान कर्ज के जाल में फंसता जा रहा है। किसानों की इन्हीं ज्वलंत समस्याओं को लेकर शुक्रवार 9 अक्टूबर को किसान गर्जना संगठन ने कटंगी में हुंकार भरी। प्रदेश अध्यक्ष अरविंद चौधरी की प्रमुख उपस्थिति में ब्लॉक अध्यक्ष भरत लाल बिसेन के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने पहले कटंगी विश्राम गृह में वन विभाग, पुलिस विभाग और बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक कर किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। इसके बाद दोपहर 3 बजे एसडीएम विजय सिंह यादव को मुख्यमंत्री के नाम 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि यदि जल्द निराकरण नहीं हुआ तो संगठन उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा।



अधिकारियों के सामने रखीं जमीनी हकीकतः विश्राम गृह में आयोजित बैठक में किसान नेताओं ने अधिकारियों को बताया कि बालाघाट जिला धान का कटोरा है, लेकिन इस बार माहू कीट के प्रकोप ने किसानों की कमर तोड़ दी है। खेतों में खड़ी फसल सूखकर सफेद पड़ रही है। किसान ने महंगे दामों पर कीटनाशक डाला, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। वहीं वन क्षेत्र से लगे गांवों में बंदर और जंगली सूअरों के झुंड खेतों में घुसकर पूरी फसल रौंद रहे हैं। किसान रात-रात भर जागकर फसल की रखवाली कर रहा है। बिजली विभाग के अधिकारियों को बताया गया कि कृषि पंपों के लिए रात में बिजली दी जा रही है, जिससे किसानों को सांप-बिच्छू के डर के बीच खेतों में जाना पड़ता है। साथ ही मेंटेनेंस के नाम पर दिनभर बिजली गुल रहती है।

किसान गर्जना की 8 प्रमुख मांगेंः एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में किसान गर्जना संगठन ने 8 ठोस मांगें रखी हैं। संगठन ने 3100 रुपये प्रति क्विंटल से धान की खरीदी करने की सबसे प्रमुख मांग रखी। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार ने चुनाव में वादा किया था कि धान 3100 रुपये प्रति क्विंटल खरीदा जाएगा। यह वादा आज तक पूरा नहीं हुआ। इस वर्ष सहकारी समितियों और सरकारी उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 3100 रुपये की दर से खरीदी शुरू की जाए। धान का समर्थन मूल्य 4500 रुपये घोषित किए जाए। आज खाद, बीज, दवाई और मजदूरी की लागत दोगुनी हो गई है। ऐसे में 3100 रुपये भी नाकाफी है। किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए धान का समर्थन मूल्य 4500 रुपये प्रति क्विंटल किया जाए। एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जाए। माहू कीट से हुए नुकसान का मुआवजा दिया जाए। खेत-खेत जाकर सर्वे कराया जाए।

दिन में 10 घंटे लगातार बिजली दी जाए। गौ तस्करी पर सख्त रोक लगाई जाए और वन्य प्राणियों से फसल सुरक्षा के लिए खेतों के चारों ओर मजबूत फेंसिंग कराई जाए और फसल सुरक्षा की स्थायी व्यवस्था की जाए।

एसआईआर के विरोध में बहेला में कांग्रेस का प्रदर्शन, सीईसी का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के लांजी क्षेत्र के ग्राम बहेला में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने SIR प्रक्रिया के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर उनके इस्तीफे की मांग की गई। आयोजकों के अनुसार, प्रदर्शन में 100 से अधिक लोग शामिल हुए। इस दौरान एक कांग्रेस कार्यकर्ता जलता हुआ पुतला लेकर भागा, जिसके पीछे पुलिस और अन्य कार्यकर्ता भी दौड़े।प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस का कहना है कि मतदाता सूची में नाम होना नागरिकों के मतदान के अधिकार से जुड़ा है। पार्टी ने मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग की।जनपद उपाध्यक्ष अजय अवसरे ने कहा कि SIR से जुड़े चुनाव आयोग के कुछ फैसलों पर विपक्ष और महागठबंधन की ओर से आपत्तियां जताई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में किसी भी तरह की गड़बड़ी या अपारदर्शिता नागरिकों के मतदान के अधिकार को प्रभावित कर सकती है।अवसरे के मुताबिक, कांग्रेस एसआईआर प्रक्रिया का विरोध जारी रखेगी। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग भी की।



72 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

स्वामित्व योजना में कार्य नही करने पर 7 पटवारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



प्रदेश शासन की स्वामित्व योजना के अंतर्गत कार्य नही करने पर जिले के 07 पटवारियों को निलंबन की कार्यवाही की गई है। इसके साथ ही 72 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है कि क्यों उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए।राजस्व अनुभाग वारासिवनी के अंतर्गत पटवारी सोमराज बघेल, अंकुश भलावी, किरनापुर अनुभाग के अंतर्गत पटवारी साधना लिल्हारे, विनीत नागवंशी, कविता राजपूत, बालाघाट अनुभाग के अंतर्गत संजय चतुर्वेदी एवं उमा यादव को स्वामित्व योजना में कार्य नही करने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। स्वामित्व योजना में कार्य नही करने पर वारासिवनी अनुभाग के पटवारी आदित्य सिंह तोमर, ईती गुप्ता, रोहन उइके, निशा बांजनघाटे, धनेश्वर हनोते, परसवाडा अनुभाग के बैजनाथ त्यागी, अभिलाष वंशपाल, बैहर अनुभाग के अशोक मेरावी, अलीशा गुप्ता, सौरभ रघुवंशी, सर्वज्ञ राय, राजेश कुर्वेती, रविप्रकाश कोर्राम, लक्ष्मण महोबिया, कुलदीप परते, विक्रम इडपाचे, हेमंत उइके, वर्षा अजीत, घनश्याम नागेश, कटंगी अनुभाग के प्रदीप शर्मा, शिवांशु, ललीता राणा, आशीष मंदारी, साधना गौतम, किरनापुर अनुभाग के विनीत पुसाम, अभय चौरसिया, अभिषेक भार्गव, आकाश सिंह, अंशुल चौरे, मनीष बिसेन, मनीष गायकवाड, पूनम राणा, प्रार्थना यादव, रिया सिंह गौर, राहुल त्रिपाठी, साक्षी पटले, संजय भदौरिया, शीतल दुरूगकर, विजय गुर्जर, विपुल पटले, रामकिशोरी सिंह, हरेश कुमार, मीनल उइके, मोनिका बिसेन, आशी बर्वे को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।इसी प्रकार लांजी अनुभाग में इंद्रपाल मडावी, संजय धारणे, पारध भगत, देवेंद्र शरणागत, भूपेंद्र रिन्हायत, बालाघाट अनुभाग में भावना बिसेन, वंदना सिंह राजपूत, आयुषी ठाकरे, साकेत भलावी, अतुल रजक, अरविंद गुर्जर, डिलेश्वरी बिसेन, अंजली तिलगाम, निखिल चौहान, अनिमेष तिवारी, मन्नु भारती, चंद्रसेन भारती, ईला अजीत, राहुल मवई, ओमप्रकाश दुबे, देवेंद्र चतुर्वेदी, अचल साहब, गगन अंगुर, श्रुति टेकाम, सिद्धार्थ बडोले, अभिलाषा भट्टी एवं गीता चकोले को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है कि क्यों न उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए।

वन्यजीव सुरक्षा सप्ताह के तहत डाबरी स्कूल में चित्रकला एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



वन्यजीवों के संरक्षण, सुरक्षा एवं पर्यावरण के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 7 अक्टूबर 2026 को वन परिक्षेत्र दक्षिण उकवा (सा.) के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डाबरी में वन्यजीव सुरक्षा सप्ताह के तहत चित्रकला एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर वन्यजीव संरक्षण का संदेश दिया।

प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को वन्यप्राणियों के महत्व, उनके प्राकृतिक आवास की सुरक्षा तथा जैव विविधता को बनाए रखने के प्रति जागरूक करना था। चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए वन, वन्यजीव एवं प्रकृति संरक्षण से संबंधित विषयों को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। वहीं, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने प्रभावशाली नारों के जरिए वन्यजीवों की सुरक्षा, अवैध शिकार पर रोक तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने का प्रयास किया।

वन्यजीव सुरक्षा सप्ताह के दौरान आयोजित इस तरह की गतिविधियों से विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने और वन्यप्राणियों के संरक्षण के लिए जिम्मेदारी का भाव पैदा करने में मदद मिलती है। वन एवं वन्यजीव प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा के प्रति समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक होना आवश्यक है।

जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता संपन्न, चयनित खिलाड़ी संभाग स्तर पर करेंगे प्रतिनिधित्व



हरिभूमि न्यूज हट्टा।

मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिला स्तरीय बास्केटबॉल (महिला एवं पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन 9 अक्टूबर 2026 को नगर पालिका बास्केटबॉल कोर्ट, बालाघाट में किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय महाविद्यालय हट्टा के प्राचार्य अंशुल मेश्राम के मार्गदर्शन में हुआ।

प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय बालाघाट, शासकीय कन्या महाविद्यालय बालाघाट, शासकीय महाविद्यालय वारासिवनी, शासकीय महाविद्यालय मलाजखंड, शासकीय महाविद्यालय बैहर एवं शासकीय महाविद्यालय हट्टा के बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव श्री सचिन भोज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा जिला बास्केटबॉल संघ के सुधीर चौधरी, अभिषेक पांडे, संजय चौधरी सहित अग्रणी महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं अन्य अतिथियों ने आयोजन में सहयोग प्रदान किया। प्रतियोगिता में चयनित छात्र-छात्राएं 16 एवं 17 अक्टूबर 2026 को आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में बालाघाट जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। छात्राओं के चयन पर अतिथियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। उक्त जानकारी संस्था के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. सचिन तिवारी ने दी।

10 अक्टूबर पंजीयन की अंतिम तिथि

बालाघाट। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान, ज्वार एवं बाजरा की खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर निर्धारित है। अब तक जिले के 01 लाख 10 हजार किसानों का पंजीयन किया जा चुका है।

बैहर के आदिवासी अंचल में जरूरतमंद विद्यार्थियों को बांटी निःशुल्क स्टेशनरी किट

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। बैहर के ग्राम भैसवाही स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में आदर्श दानपात्र सेवा समिति, बालाघाट एवं जनसहयोग के माध्यम से जरूरतमंद विद्यार्थियों को निःशुल्क स्टेशनरी किट वितरित की गई। इस पहल का उद्देश्य आदिवासी अंचल के बच्चों को आवश्यक शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराकर उनकी पढ़ाई में सहयोग देना है।समिति द्वारा किए गए इस प्रयास के माध्यम से विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में यह पहल सामाजिक सहभागिता और शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।कार्यक्रम में शासकीय प्राथमिक शाला भैसवाही के प्रधान पाठक आर. एस. टेकाम एवं श्रीमती कविता चौहान का सहयोग रहा। आदर्श दानपात्र सेवा समिति के अध्यक्ष राहुल वैद्य के नेतृत्व में समिति जनसहयोग के माध्यम से जरूरतमंद विद्यार्थियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए प्रयासरत है।समिति का उद्देश्य शैक्षणिक सामग्री के अभाव में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए समाज के सहयोग से जरूरतमंद विद्यार्थियों तक सहायता पहुंचाना है।



पीएमश्री डाइट स्कूल बालाघाट का परचम, विज्ञान नाटिका में प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज, बालाघाट।

प्रतिभा जब परिश्रम से मिलती है, तो सफलता स्वयं द्वार खटखटाती है। इसकी जीवंत मिसाल पेश की है पीएमश्री डाइट हाईस्कूल, बालाघाट के छात्र-छात्राओं ने। विकासखंड स्तरीय विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने सशक्त अभिनय और वैज्ञानिक चिंतन से निर्णायकों का मन मोह लिया और प्रथम स्थान पर अपना परचम लहराया।कक्षा नवमी के होनहार विद्यार्थियों - सौम्य सराटे, रुद्र बोपचे, सूर्या नामदेव, सदफ शेख, माही लिल्हारे और जीनत खान ने समसामयिक एवं अत्यंत प्रासंगिक विषय 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' का सुरक्षित उपयोग एवं सजगता पर सारगर्भित प्रस्तुति दी। इस सफलता के पीछे विज्ञान शिक्षिका श्रीमती नीता पटले की कुशल मार्गदर्शिका और अथक परिश्रम रहा, जिन्होंने बच्चों की प्रतिभा को तराश कर मंच के योग्य बनाया।

क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जबलपुर

लोक सुनवाई की आम सूचना

भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली, की पर्यावरण प्रभाव ऑकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 यथा संशोधित प्रावधानों के अन्तर्गत सर्व सबंधितों को सूचित किया जाता है कि,M/s Satguru Mining Private Limited, (Westen Part Of Ukwa) Manganese Block For Manganese Ore, Mining of minerals Proposed Capacity (Total handling) = 1,01,409 TPA. Total ROM = 70,000 T (Stopes 67,923 + Development 2,077). Waste = 31,409 Tons. Area: 25.14 Hect.. Khasra Nos.: 53, 58/5, 59, 60, 61, 62, 64, 65, 66, 67, 68, 69, 70, 90, 131, 144, 145, 146, 147, 148, 149, 150, 154, 132/15, 139/19, 139/20, 139/3, 139/4, 139/8, 139/9. 140/1. 140/10, 140/11, 140/2, 140/3, 140/5, 140/6, 140/8, 140/9 at Village - Ukwa Tehsil Paraswada, District- Balaghat (M.P.) हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिये भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ ऑकलन समिति भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु परियोजना प्रस्तावक द्वारा म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त तारतम्य में परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में साफ्ट कापी सहित, का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर, बालाघाट (2) कार्यालय जिला पंचायत, बालाघाट (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, बालाघाट (4) ग्राम पंचायत, गुदमा (उकवा) तहसील परसवाड़ा, जिला बालाघाट (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक 3 राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) मुख्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ई-5 अरे। कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्लाट नं 455 / 456 विजयनगर, जबलपुर में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की वेबसाइट www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

अतः जिस किसी व्यक्ति को उक्त खदान के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विजय नगर जबलपुर (म.प्र.) के कार्यालय में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। उक्त खनन परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 12.11.2026 दिन - गुरूवार को दोपहर 12.00 बजे से ग्राम गुदमा (उकवा) के मंडई मैदान (मेला ग्राउण्ड) तहसील परसवाड़ा जिला बालाघाट (म.प्र.) में आयोजित की जायेगी, जिसमें भी सुझाव, विचार, टीका / टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

क्षेत्रीय अधिकारी
जबलपुर

65 किलोग्राम राइट हैंड श्रेणी में भारतीय दल का करेंगे प्रतिनिधित्व

प्रियांश बिसेन का अंतरराष्ट्रीय आर्म रेसलिंग टूर के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

सांदीपनि विद्यालय वारासिवनी के कक्षा 12वीं गणित संकाय के प्रतिभावान छात्र प्रियांश उमाशंकर बिसेन का आगामी प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय आर्म रेसलिंग टूर (IAF) के लिए भारतीय दल में चयन हुआ है। प्रियांश 65 किलोग्राम राइट हैंड श्रेणी में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनकी इस उपलब्धि से वारासिवनी सहित पूरे बालाघाट जिले में हर्ष और उत्साह का माहौल है।

प्रियांश की इस सफलता पर जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती धनश्री जैन, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक श्री मोहित डहेरिया एवं सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य श्री हुमराज पटले ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त करना क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणादायक है। प्रियांश की उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य श्री हुमराज पटले एवं समस्त शिक्षकगणों ने पुष्पहार पहनाकर उनका सम्मान किया। प्राचार्य ने कहा कि प्रियांश की सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और



निरंतर अभ्यास का परिणाम है। इसमें उनके माता-पिता एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रियांश अंतरराष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय प्राचार्य श्री पटले ने बताया कि खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी चयन पत्र में प्रियांश के राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई है। उनके चयन से विद्यालय परिवार, खेल प्रेमियों और क्षेत्रवासियों में खुशी है। सभी ने प्रियांश के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगामी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन और देश के लिए पदक जीतने की शुभकामनाएं दीं।

